an>

Title: Regarding dilapidated condition of National Highway No. 28.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान लखनऊ से गोरखपुर के लिए जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28 है, उसकी अत्यन्त जर्जर स्थिति को देखते हुए...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : योगी जी, आप अपनी सीट पर नहीं हैं। आप इसके लिए इजाजत मांग लीजिए।

योगी आदित्यनाथ : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से बोलना चाहता हूं।

उसकी अत्यन्त खराब स्थिति है, लगता ही नहीं कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग होगा।[R25] जगह-जगह एक से डेढ़ फुट तक गहरे गड्ढे हैं। गांव में जो खड़ंजा मार्ग होता है पूरी सड़क की उससे भी खराब स्थिति है। इस संबंध में मैंने सड़क परिवहन मंत्री जी को कई बार लिखा और एनएचसीआई के अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मिला, लेकिन इस सब के बावजूद उसमें अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है। इस संबंध में केवल आश्वासन दिया जा रहा है। पिछले दो महीनों के अंदर संपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28, दो बार 48-48 घंटे ट्रैफिक के लिए बाधित हो चुका है। वहां ट्रैफिक को पूरी तरह रोकना पड़ा था और उस पर आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया था। मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि इसके लिए स्वयं मौके पर एक दल भेजकर संपूर्ण मार्ग को दिखा लें और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28 जो पूर्वोत्तर राज्यों को देश की राजधानी से जोड़ता है, इस महत्वपूर्ण राजमार्ग के उत्तीकरण और जीर्णोद्धार के लिए अविलंब कदम उठाएं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : अभी पांच लोगों को मौका देना है। कई सदस्यों ने नोटिस दिया है और आपका नोटिस भी नहीं है।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : केवल हाथ उठाने से नोटिस नहीं होता है।